## यदि मैं सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देना चुनती हूँ तो मेरे प्रसव में क्या होगा?

क्योंकि प्रसव के समय पिछले दाग़ा के खुल जाने का कुछ ख़तरा होने के कारण, उन महिलाओं में जो सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देती हैं, एक बार उनका प्रसव आरम्भ होने के बाद उन पर विशेष ध्यान दिया जाता है (आमतौर पर जब नियमित रूप से संकुचन होता है, हर 5 मिनिट पर व गर्भाशय-ग्रीवा 4 सेन्टीमीटर फैल जाती है)।

प्रसव के दर्द शुरू होने पर जब आप अस्पताल में पहुँचेंगी, संभव है आपके हाथ के पिछले हिस्से में ड्रिप लगा दी जाए। यह भी सलाह दी जाती है कि पूरे प्रसव के दौरान आपके बच्चे के दिल की धड़कन की इलेक्ट्रानिक तरीक़े से से जाँच की जाए।

प्रसव के समय मिडवाईफ़ व डॉक्टर पेट को उंगलियों से छू कर नियमित रूप से आपकी प्रगति की जाँच करेंगे (संकुचन की तीव्रता को जाँचने व बच्चे की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए) व योनि की जाँच करेंगे (यह देखने के लिए कि आपकी गर्भाशय-ग्रीवा कितनी फैल चुकी है)। यदि आपका प्रसव की गति धीमी है तो हो सकता है आपके संकुचन को बढ़ने में मदद देने के लिए दवा का उपयोग करें (हॉर्मोन ड्रिप)। आपके पहले हुए सिज़ेरियन सेक्शन के दाग़ के कारण इसका उपयोग बहुत ध्यान से किया जाएगा ।

यदि प्रसव में प्रगति नहीं होती है या बच्चा  दबाव में होता है तो आपको आपातकालीन सिज़ेरियन सेक्शन करवाने की सलाह दी जाएगी।



## सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देना सफल होने की कितनी संभावना है ?

सिज़ेरियन सफल होने के बाद योनि द्वारा जन्म देने की संभावना पर कई चीज़ें प्रभाव डालती हैं। जब आप अपनी मिडवाईफ़ व/या डॉक्टर से अपने विकल्पों के बारे में बात करेंगी, तो आपके पहले सिज़ेरियन सेक्शन करने के कारणों को ध्यान में रखा जाएगा, पर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शोध बताता है कि अधिकाँश महिलाएँ (63-94%) जो सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देने की कोशिश करती हैं वे सफल होती हैं।

सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देने के सफल होने की संभावना अधिक होती है यदिः

- आपने पहले योनि द्वारा जन्म दिया है
- यह गर्भावस्था सीधी-सादी रही है
- इस गर्भावस्था में आपका प्रसव स्वाभाविक रूप से आरम्भ होता है
- आपका शरीर मात्रा सूची (Body Mass Index) 30 से कम है
- आपके पहलाले सिज़ेरियन सेक्शन का कारण इनमें से एक था, जैसे बच्चे के नितम्ब पहले बाहर आने की स्थिति बनना (breech), गर्भनाल का गर्भाशय-ग्रीवा के बहुत पास होना (placenta praevia) या भ्रूण पर दबाव।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

***प्रश्न. यदि मेरे पहले सिज़ेरियन सेक्शन हुआ था तो क्या मेरे प्रसव को बाह्य साधनों से आरम्भ किया जा सकता है?***

जब प्रसव को बाह्य साधनों से आरम्भ किया जाता है तो सिज़ेरियन सेक्शन के निशान दाग के खुलने का ख़तरा बढ़ जाता है। इसलिए प्रसव को बाह्य साधनों से आरम्भ किए जाने को व्यक्तिगत स्थिति के आधार पर सोचना चाहिए और इसके लिए प्रसूति विज्ञानी द्वारा सिफ़ारिश व सहायता की जानी चाहिए।

***प्रश्न. क्या मैं प्रसव के समय दर्द से आराम के लिए एपिड्यूरल का इन्जेक्शन (epidural) ले सकती हूँ ?***

जबकि प्रसव के दौरान सीधे खड़े होने व हिलते-डुलते रहने के लाभ हैं पर ऐपीड्यूरल के विरूद्ध कोई संकेत नहीं हैं।

*अधिक जानकारी के लिए अपनी मिडवाईफ़ या प्रसूति विज्ञानी से बात करें।*

यह जानकारी ब्रोशर एनएसडब्ल्यू बच्चे व परिवार के  विशेषज्ञ सलाहकार समूह (Expert Advisory Group of NSW Kids and Families)  द्वारा लिखा गया है।

SHPN: (HSP) 170096

HINDI



# आपका अगला जन्म देना

## सिज़ेरियन सेक्शन के बाद

### जन्म देने के आपके विकल्पों के विषय में जानकारी

NSW GOVERNMENT | Health

## सिज़ेरियन सेक्शन के बाद आपके अगले जन्म देने के विकल्प

यदि आपके एक या अधिक बार सिज़ेरियन सेक्शन हो चुका है तो हो सकता है कि आप सोच रही होंगी कि अगली बार आप कैसे जन्म देंगी। अधिकाँश महिलाएँ जिनका सिज़ेरियन सेक्शन हो चुका है वे सिज़ेरियन सेक्शन होने के बाद भी योनि द्वारा जन्म दे सकती हैं। भविष्य में गर्भवती होने पर आप चाहे योनि द्वारा जन्म देना चाहें या सिज़ेरियन सेक्शन से जन्म देना चाहें, दोनों विकल्प सुरक्षित हैं, जिनमें अलग-अलग लाभ व ख़तरे हैं। कुल मिलाकर, अधिकाँश महिलाओं के लिए, थोड़े बहुत ख़तरे होने पर भी दोनों सुरक्षित विकल्प हैं।

यह जानकारी ब्रोशर, वर्तमान शोध व प्रमाण पर आधारित तर्कसंगत जानकारी देने के लिए बनाया गया है, जिससे आप अपने अगला जन्म देने के तरीक़े के बारे में फ़ैसला कर सकें। इस जानकारी से आपको अपनी मिडवाईफ़ व/या डॉक्टर से बातचीत करने में मदद मिलेगी।

### *योनि द्वारा जन्म देने की सलाह कब नहीं दी जाती है:*

योनि द्वारा जन्म देने की सलाह नहीं दी जाती है यदि आपके साथ निम्नलिखित हो चुका है:

- पहले कभी जटिल सिज़ेरियन सेक्शन जैसे कि
- पारम्परिक सिज़ेरियन सेक्शन (गर्भाशय के ऊपरी हिस्से से किया गया सिज़ेरियन सेक्शन)
- गर्भाशय की माँसपेशी में पहले लगाया गया चीरा
- गर्भाशय में पहले फटने का निशान (आपके पहले सिज़ेरियन सेक्शन के निशान पर गर्भाशय का फटना)
- पहले किए गए तीन या चार सिज़ेरियन सेक्शन
- आपके गर्भाशय पर किसी प्रकार का ऑपरेशन हो चुका हो, पर अपने डॉक्टर से बात करने के बाद योनि द्वारा जन्म देने की संभावना हो सकती है
- गर्भवती होने के बीच कम समय होना (18 महीने से कम)।

## सिज़ेरियन सेक्शन के बाद योनि द्वारा जन्म देना

अधिकाँश महिलाएँ जिनका पहले निचले हिस्से का सिज़ेरियन सेक्शन हो चुका है वे अपनी अगली गर्भावस्था में सुरक्षापूर्वक योनि द्वारा जन्म दे सकती हैं। इसे सिज़ेरियन सेक्शन के बाद योनि द्वारा जन्म कहते हैं।

इसमें आपके बच्चे को गम्भीर हानि होने का ख़तरा उतना ही है जितना कि आपके पहले बच्चे के जन्म के समय था, जो बहुत कम होता है (हर 1000 महिलाएँ जो सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देती हैं उनमें से करीब 2 को)।

### *सिज़ेरियन के बाद सफलता से योनि द्वारा जन्म देने के लाभों में निम्नलिखित शामिल हैं:*

- भविष्य में होने वाली गर्भावस्थाओं में सामान्य रूप से जन्म होने की अधिक संभावना
- बहाली फिर से स्वास्थ्य लाभ व अस्पताल में रुकने में कम समय लगना
- माँ के रक्त में थक्के (रक्त नली में थक्के जमने का रोग) बनने का कम ख़तरा
- माता-शिशु बंधन व आपके बच्चे के दीर्घकालिक कुशल-क्षेम में बढ़ोत्तरी हो सकती है

### *सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देने के नुक़सानों में निम्नलिखित शामिल हैं:*

- यदि प्रसव की गति धीमी हो जाती है या बच्चे पर दबाव हो जाता है तो आपातकालीन सिज़ेरियन सेक्शन करना
- यदि आपातकालीन सिज़ेरियन सेक्शन करना होता है तो जन्म के बाद रक्त-आधान (transfusion) की ज़रूरत का थोड़ा बढ़ जाना।
- पहले कभी हुए दाग़ का निर्बल या अलग होना (इसे फटना कहते हैं)। हाँलाकि बहुत कम होता है पर यदि दाग़ फट जाता है तो इसके आपके व आपके बच्चे के लिए बहुत गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। आपके दाग़ के फटने की संभावना बहुत कम है (हर 200 महिलाएँ जो सिज़ेरियन के बाद योनि द्वारा जन्म देती हैं उनमें से क़रीब 1)।



## यदि आप एक और सिज़ेरियन सेक्शन करवाने का निर्णय लेती हैं

प्रसव की प्रतिक्षा करने के बजाय यदि आप एक और सिज़ेरियन सेक्शन करवाने का निर्णय लेती हैं, और यदि कोई अन्य समस्या नहीं है तो इस सिज़ेरियन सेक्शन का प्रबंध आपकी गर्भावस्था के 39वें सप्ताह के बाद कर दिया जाएगा।

### *अपने अगले बच्चे के लिए सिज़ेरियन सेक्शन चुनने के लाभों में निम्नलिखित शामिल हैं:*

- वास्तव में आपके पहले दाग़ के फटने का कोई ख़तरा नहीं है
- जन्म के बाद रक्त-आधान (transfusion) की ज़रूरत में थोड़ी कमी होना।

### *अपने अगले बच्चे के जन्म के लिए सिज़ेरियन सेक्शन चुनने के नुक़सानों में निम्नलिखित शामिल हैं:*

- आपके पहले के सिज़ेरियन सेक्शन के समय से ऊतक में दाग होने के कारण लम्बा व जटिल ऑपरेशन
- जन्म के बाद संक्रमण होने का अधिक ख़तरा
- फिर से स्वस्थ होने व अस्पताल में रुकने में अधिक समय लगना।
- रक्त के थक्के (रक्त नली में थक्के जमने का रोग) बन ने का अधिक ख़तरा
- वैकल्पिक सिज़ेरियन सेक्शन द्वारा पैदा हुए बच्चों में साँस लेने संबंधी समस्याएँ अधिक पाई जाती हैं
- भविष्य में होने वाली गर्भावस्थाओं में अधिक समस्याएँ होने का ख़तरा, जैसे कि गर्भनाल प्रेविया (जब गर्भनाल गर्भाशय के निचले भाग के बजाय गर्भाशय-ग्रीवा के पास या उसके ऊपर आ जाती है)।

